**भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,**
**उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड, भोपालपानी,**
**देहरादून**

**संख्याः 20 /ई0निवि0सहई0नीला0/भू0खनि0ई0/2017–18** **दिनांकः 01 मार्च, 2018**

## विज्ञापन

ई–निविदा सह ई–नीलामी हेतु भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून के विभागीय वेब पोर्टल www.dgm.uk.gov.in पर वैध पंजीकृत बिडर्स हेतु विज्ञापन संख्या 852/ई–निविदा सह ई–नीलामी/भू0खनि0ई0/2017–18, दिनांक 29 जनवरी, 2018 के द्वारा जनपद उधमसिंहनगर के 04 एवं जनपद पौडी गढ़वाल के 06 खनन लॉट के लिए प्रथम चरण (ई–निविदा) (दिनांक 30. 01.2018 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 02.03.2018 तक अपराह्न 05.00 बजे तक) हेतु विभागीय वेबसाईट पर विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसमें जनपद उधमसिंहनगर के 01 एवं जनपद पौड़ी गढ़वाल के 06 उपखनिज लाट, जो जनपद के स्थायी निवासी या स्थायी निवासियों की समिति जो कोआपरेटिव सोसाईटी एक्ट में पंजीकृत हो, हेतु था, इन उपखनिज लॉटों हेतु अर्ह निविदादाता/बोलीदाता उपलब्ध न होने के कारण यह लाट, उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) (संशोधन) नियमावली, 2017 के नियम 27 (11)(4) के अनुसार, अगले उच्च वर्ग (राज्य स्तर) "राज्य के स्थायी निवासी/स्थायी निवासियों की समिति, जो कोआपरेटिव सोसाइटी एक्ट/कम्पनी एक्ट अथवा पार्टनरशिप एक्ट एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के अधीन पंजीकृत हो", हेतु पुनः ई–निविदा सह ई–नीलामी हेतु निम्नानुसार विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है :–

**खनन लॉटों का विवरण–**

| क0सं0 | जनपद का नाम | उपखनिज लॉटों की संख्या 05.00 है0 से कम |
|---|---|---|
| 1. | पौड़ी गढ़वाल | 06 |
| 2. | उधमसिंहनगर | 01 |

2– उक्त उपखनिज लॉटों की कार्यवाही निम्नानुसार सम्पन्न की जायेगी :–

| प्रथम चरण (ई–निविदा)– **(दिनांक 02.03.2018 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 20.03.2018 तक अपराह्न 05:00 बजे तक)** | |
|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन | दिनांक 02.03.2018 (शुक्रवार) |
| uktenders.gov.in पर निविदा अपलोड की तिथि | दिनांक 02.03.2018 (शुक्रवार) सायं 5:00 बजे |
| विभागीय वैबसाइट www.dgm.uk.gov.in में पंजीकरण हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 05.03.2018 (सोमवार) सायं 5:00 बजे तक |
| uktenders.gov.in पर ई निविदा के लिये निविदा दिये जाने हेतु पंजीकरण की अवधि एवं समय– | दिनांक 13.03.2018 (मंगलवार) तक सांय 03:00 बजे तक |
| प्री बिड बैठक की दिनांक एवं समय | दिनांक 05.03.2018 (सोमवार) मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे –भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई के मुख्यालय देहरादून के सभागार में। |
| प्री बिड के उपरान्त कोई संशोधन अपेक्षित हो तो तत्सम्बन्धी सूचना अपलोड किये जाने की तिथि | दिनांक 07.03.2018 (बुधवार) को सांय 05:00 बजे तक |
| uktenders.gov.in पर ई–निविदा हेतु बिड सबमिशन की अवधि एवं समय | दिनांक 08.03.2018 (वृहस्पतिवार) प्रातः 10:00 बजे से<br>दिनांक 13.03.2018 (मंगलवार) सांय 04:00 बजे तक। |
| ई–निविदा तकनीकी बोली खोलने की तिथि | दिनांक 14.03.2018 (बुधवार)पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| ई–निविदा के तकनीकी मूल्यांकन की अवधि | दिनांक 15.03.2018(वृहस्पतिवार) अपराह्न 11:00 बजे से<br>दिनांक 17.03.2018 (शनिवार) अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| तकनीकी बोली मूल्यांकन समिति की आख्या | दिनांक 17.03.2018(शनिवार) सांय 04:00 बजे |
| तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की घोषणा | दिनांक 17.03.2018 (शनिवार) सांय 05:00 बजे |
| वित्तीय बोली (सफल घोषित निविदाकारों द्वारा निविदित उपखनिज की मात्रा) खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 19.03.2018 (सोमवार) मध्याह्न 12:00 बजे से प्रारम्भ |

| | |
|---|---|
| वित्तीय बोली मूल्यांकन समिति की आख्या | दिनांक 20.03.2018(मंगलवार) अपराह्न 02:00 बजे तक। |
| ई–निविदा के परिणाम की घोषणा | दिनांक 20.03.2018(मंगलवार) सांय 04:00 बजे। |
| प्रथम चरण की समाप्ति | दिनांक 20.03.2018(मंगलवार) को |

## सामान्य अनुदेश

1. वर्तमान में प्रकाशित विज्ञापित में वर्णित जनपद पौड़ी गढ़वाल के 06 एवं जनपद उधमसिंहनगर के 01 कुल 07 उपखनिज लॉटों में पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति के अन्तर्गत न्यूनतम वर्णित अर्ह बोलीदाता उपलब्ध न होने के कारण सम्बन्धित उपखनिज क्षेत्र राज्य स्तर के बोलीदाता हेतु 07 दिन के विज्ञप्ति के उपरान्त पुनः प्रथम चरण की ई–निविदा प्रक्रिया के लिए उपलब्ध किये जा रहे हैं। इस प्रकार विज्ञापित किये जा रहे उक्त जनपदों के कुल 07 उपखनिज लॉटों हेतु पात्रत्रा निम्नानुसार होगी :– **''राज्य के स्थायी निवासी/स्थायी निवासियों की समिति, जो कोआपरेटिव सोसाइटी एक्ट/कम्पनी एक्ट अथवा पार्टनरशिप एक्ट एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के अधीन पंजीकृत हो'', को आवंटित किया जायेगा।**
2. ई–निविदा सह ई–नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु www.dgm.uk.gov.in, uktenders.gov.in, eauction.gov.in में पंजीकरण प्रक्रिया सम्पन्न करने एवं सम्प्रेषित समस्त सूचनाओं की जिम्मेदारी इच्छुक बोलीदाता की होगी, विभाग तथा सहायक एजेन्सी इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगे।
3. ई–निविदा हेतु पंजीकरण करते समय इच्छुक निविदादाता द्वारा ''कम्पनी का नाम'' वाले फील्ड में निविदाकर्मा/कम्पनी/फर्म/सोसाईटी (जैसी स्थिति हो) के नाम के साथ सोलह अंकों की पंजीकरण संख्या शुद्धता एवं सावधानीपूर्वक अंकित किया जाना आवश्यक होगा। गलत अथवा त्रुटिपूर्ण अंकन से निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
4. इच्छुक बोलीदाता यह सुनिश्चित कर ले कि उसके कम्प्यूटर में ''जावा'' (JRE) साफ्टवेयर का वैध वर्जन आवश्यक रूप से लोड हो। वैध वर्जन uktenders.gov.in से डाउनलोड भी किया जा सकता है।
5. इच्छुक आवेदकों के लिए ऑन लाईन बिड/बोली हेतु डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) होना आवश्यक है। भूतत्व एवं खनिकर्म, उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड के वेब पोर्टल www.dgm.uk.gov.in पर जाकर अर्ह आवेदक अपने पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करने के पश्चात ही ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग ले सकेगें।
6. अधिकतम पांच खनन पट्टे या 400 है0 क्षेत्रफल से अधिक के चुगान/खनन क्षेत्र को किसी एक व्यक्ति/फर्म/कम्पनी के पक्ष में स्वीकृत नहीं किया जायेगा। यदि किन्ही परिस्थितियों में एक व्यक्ति/फर्म/कम्पनी द्वारा अपने पक्ष में 05 खनन पट्टे या 400 है0 क्षेत्रफल से अधिक के खनन पट्टे स्वीकृत करा लिया जाता है, तो अन्त में स्वीकृत खनन पट्टै का निरस्त कर पट्टा अन्तर्गत जमा सम्पूर्ण धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा केवल प्रारम्भ के पांच क्षेत्र अथवा 400 है0 के खनन पट्टे ही अनुमन्य होगें। परन्तु यदि आवेदक स्वयं अपने पक्ष में 05 खनन पट्टे या 400 है0 से अधिक क्षेत्रफल के खनन पट्टे हेतु जारी लेटर ऑफ इंटेन्ट की सूचना देता है, तो उक्त सीमा के अन्तर्गत कोई भी खनन पट्टा क्षेत्र के चयन का उसे अधिकार होगा तथा शेष क्षेत्रों की जमा धनराशि पुष्टि के उपरान्त यथावत् वापस कर दी जायेगी।
7. उल्लिखित विज्ञापन के सम्बन्ध में किसी प्रकार की कठिनाई के निवारण हेतु श्री एस0एल0 पैट्रिक, अपर निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई से दूरभाष (8192802321), श्री जी0डी0 प्रसाद, उपनिदेशक (8938954950), श्री सुनील पंवार, संयुक्त निदेशक (8192802341), हेल्प लाई नं0 – 8192802320, 8192802345 से सम्पर्क किया जा सकता है।

निदेशक